प्रेषक,

**मिशन निदेशक**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0
विशाल कॉम्पलेक्स,19–ए,विधान सभा मार्ग
लखनऊ।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
ललितपुर

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2019–20 / 2614 दिनांक–24-06-19

**विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 28.5.2019 से 30.5.2019 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार / कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम / सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति / कार्ययोजना तैयार की जा सके।

**संलग्नक– भ्रमण दल की हस्ताक्षरित रिर्पोट**

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2018–19 / तद्दिनांक–

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति / जिला अधिकारी, ललितपुर ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, झांसी।
3. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0,लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0,झांसी ।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, ललितपुर।

(डा0 ए0बी0सिंह)
मण्डलीय नोडल अधिकारी

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या

**जनपद– ललितपुर**

**दिनांक 28.5.2019 से 30.5.2019**

**भ्रमण दल के सदस्य–**

1. नीलिमा पाठक, सलाहकार, वी0बी0डी0, स्टेट ब्लड सेल, एन0एच0एम0।
2. डा0 पी0के0 गंगवार, सलाहकार एन0सी0डी0, एन0एच0एम0।

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/ एन0एच0एम0/ एम0एण्ड0ई0/2018–19/18/10478 दिनांक 02.01.2019 द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा आवंटित जनपद ललितपुर का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दिनांक 28.5.2019 से 30.5.2019. तक किया गया जिसकी बिन्दुवार आख्या निम्नवत् है।

**प्रथम दिवस–28.5.2019**

दिनांक 28.5.2019 अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,ललितपुर के साथ सांयकालीन कार्ययोजना बैठक।

**द्वितीय दिवस– 29.5.2019**

दिनांक 29.5.2019 को ब्लाक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा, ,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा एवं बी0एच0एन0डी0 सत्र नरहट ललितपुर का भ्रमण एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर की अध्यक्षता में सांयकालीन बैठक।

**तृतीय दिवस– 30.5.2019**

दिनांक 22.2.2019 को जिला पुरूष एवं महिला चिकित्सालय का भ्रमण, एन0सी0डी0 प्रशिक्षण का अवलोकन।

**भ्रमण में सहयोगी–**

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर।
- अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,प्रभारी एन0सी0 डी0 ललितपुर।
- जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,ललितपुर।
- मण्डलीय सलाहकार,एन0यू0एच0एम0, झांसी मंडल।
- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बिरधा एवं मडवारा।
- हॉस्पिटल मैनेजर, जिला चिकित्सालय ललितपुर ।
- चिकित्सा अधीक्षक,जिला चिकित्सालय,ललितपुर।
- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला महिला चिकित्सालय, ललितपुर।

| अवलोकित गतिविधियां | प्रदान किया गया सहयोगात्मक कार्यवाही एवं सुझाव | कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी एवं निर्धारित समय सीमा |
|---|---|---|
| ब्लाक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा | | |

- भ्रमण दल सुबह 10.00 बजे जब चिकित्सालय पहुँचा तो समस्त कर्मचारी चिकित्सालय में उपस्थित पाये गयें।
- चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गई।



- अधीक्षक डा0 अजय कुमार के नेतृत्व में भ्रमण दल ने पूरे चिकित्सालय का भ्रमण किया।
- पर्चा काउन्टर पर भ्रमण के समय तक कुल 18 मरीजों का पर्चा बन चुका था।
- एन0सी0डी0 क्लीनिक में समस्त कर्मचारी उपस्थित थे एवं सेवायें प्रदान कर रहे थे।
- एन0सी0डी0 क्लीनिक में अभिलेखों का रख–रखाव सही पाया गया एवं आई0ई0सी0 का प्रदर्शन भी सराहनीय था।





- ओ0पी0डी0 में चिकित्सक मरीजों को देख रहे थे।
- पैथालाजी में मलेरिया,विडाल, हीमोग्लोबिन, यूरिन प्रेगनेन्सी जाँच,

| | | |
|---|---|---|
| हेपेटाइटिस, बी0डी0आर0एल0 एवं ब्लड ग्रुप की जाँच की सुविधा प्रदान की जा रही हैं जिसकी सूची का प्रदर्शन किया गया है।<br>• गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जाँच हेतु अलग पंजिका बनाई गई है जिसमें 7 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवती की सूचना को एच0आर.0पी0 के रूप में इंगित नहीं किया जा रहा था। | 7ग्राम से कम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं को अलग से हाइलाइट करते हुए महिला चिकित्साक को अवगत कराया जाय तथा नियमित फालोअप किया जाय। | Lt/BPM & BCPM (Immediate) |
| • पैथोलाजी में हब कटर नहीं था तथा इस्तेमाल की गई सिरिंज को खुले में ही रखा गया था।<br>• ब्लाक प्राथ0 स्वा0केन्द्र बिरधा में एम0सी0एच0 विंग स्थापित है किन्तु एम0सी0एच0 विंग हेतु अलग से कोई भी स्टाफ नहीं है। | पैथालाजी में हब कटर की व्यवस्था कराई गई। | MOIC & LT |
| • चिकित्सा इकाई पर मात्र एक ही महिला चिकित्सक कार्यरत है जिनके द्वारा सिर्फ ओ0पी0डी0 का कार्य किया जाता है।<br>• महिला चिकित्सक द्वारा प्रसव से सम्बन्धित कार्य नहीं किया जा रहा है। | महिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियमित रूप से प्रसव कक्षा व पी0एन0सी0 वार्ड का भ्रमण किया जाय तथा कार्यरत स्टाफ नर्स को समय समय पर संवेदीकृत भी किया जाय। | LMO (Immediate) |
| • एम0सी0एच0विंग में हर तरफ गंदगी, अव्यवस्था एवं दुर्गन्ध व्याप्त थी।<br>• लेबर रूम साफ सुथरा एवं व्यवस्थित था। दो लेबर टेबल उपलब्ध थी जिस पर मेटनकास एवं कैलिस पैड था । प्रोटोकाल पोस्टर लगे हुए पाये गये । | साफ–सफाई हेतु अवगत कराया गया। | MOIC & Concern Agency |
| • प्रसव पंजिका भरी जा रही थी एवं सभी सूचनाये उपलब्ध थी।<br>• अप्रैल 2019 से 20 मई 2019 तक कुल 250 प्रसव हुए है जिनमें से 187 का भुगतान किया जा चुका है।<br>• 21 मई 2019 से भ्रमण दिनांक 29.5.2019 तक कुल 30 प्रसव हुए है। | लम्बित जे0एस0वाई भुगतान को प्राथमिकता पर करने हेतु अवगत कराया गया। | MOIC/BPM & BAM ( With in 1 Week) |
| • डाइट रजिस्टर सही से नहीं भरा जा रहा है एवं किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित भी नहीं किया जा रहा है। | डाइट पंजिका को प्रतिदिन भरा जाय तथा सक्षम अधिकारी से सत्यापित कराये जाने हेतु अवगत कराया गया। | MOIC/BPM & SN (Immediate) |
| • 102 एवं 108 से सम्बन्धित सूचना Admission Register में भरी जा रही है किन्तु शासन द्वारा प्रदत्त प्रारूप पर अलग पंजिका नही उपलब्ध थी और न ही किसी सक्षम अधिकारी द्वारा इसको सत्यापित किया जा रहा है। | 108 एवं 102 से आने व जाने वाले लाभार्थियों की सूचना शासन द्वारा प्रदत्त कराये गये निर्देशानुसार तैयार किये जानें के सम्बन्ध | MOIC/ BPM/ SN ( Immediate) |

| | | |
|---|---|---|
| • पी0एन0सी0 वार्ड में कुल 12 बेड उपलब्ध थे ।<br>• भ्रमण के समय पी0एन0सी0 वार्ड में 02 लाभार्थी एडमिट थी। | में चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया । | |
| • लाभार्थी श्रीमती रश्मि पत्नी श्री पुष्पेन्द्र जिनका प्रसव दिनांक 27.5.2019 को हुआ था से पूछने पर बताया गया कि पहले दिन जे0एस0एस0के0 डाइट के अन्तर्गत सुबह नाश्ते में दो केला ,पारले जी का दो बिस्कुट तथा दूध ,दोपहर के भोजन में दाल + 4 रोटी + सब्जी एवं रात्रि के भोजन में दलिया,रोटी व सब्जी दी गई थी किन्तु दूसरे दिन कुछ भी नही दिया गया। उक्त के सम्बन्ध में वार्ड में भर्ती दूसरी लाभार्थी से पूछने पर संज्ञान में आया कि उसे भोजन दिया गया है। स्टाफ नर्स से पूछने पर ज्ञात हुआ कि एक ही दिन का भोजन दिया जा रहा है। | पी0एन0सी0 वार्ड में भर्ती सभी प्रसूताओं को नियमानुसार जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत सुबह का नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा अधीक्षका एवं नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया। | Nodal NHM/MOIC/BPM & LMO (Immediate) |
| • पी0एन0सी0 वार्ड में बेड पर लाभार्थी द्वारा स्वयं घर से लाई गई चादरें डाली गई थी एवं वार्ड में गंदगी भी थी।<br> | वार्ड में लाभार्थी के परिवार द्वारा घर ले लाई गई चादरें व कम्बल को तत्काल बेड से हटाकर चिकित्सालय के चादर उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा अधीक्षक व स्टाफ नर्स को अवगत कराया गया तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने हेतु निर्देश भी प्रदान किया। | Nodal NHM/MOIC/SN ( Immediate) |
| • केन्द्र पर एन0आर0सी0 कियाशील है।<br>• एन0आर0सी0 वार्ड में कुल 7 कियाशील बेड है जिनमें सभी पर बच्चे एडमिट पाये गयें।<br>• एन0आर0सी0 वार्ड में भी अव्यवस्था व गंदगी पायी गई तथा बेड पर परिवार के सदस्यों द्वारा घर से लाई गई चादरें डाली गई थी।<br><br> | एन0आर0सी0 में नियमित साफ–सफाई हेतु चिकित्सा अधीक्षक एवं एन0आर0सी0 स्टाफ नर्स को अवगत कराया गया तथा बेड पर चिकित्सालय से उपलब्ध चादर डालने के निर्देश प्रदान किया गया। किसी भी दशा में लाभार्थी के घर से चादर न मगांया जाय। | MOIC/ NRC SN ( Immediate) |

| | | |
|---|---|---|
| • एन0आर0सी0 वार्ड में आई0सी0 का प्रदर्शन, बच्चों के खेलने का उपकरण एवं टी0बी0 लगी हुई थी।<br><br>• एन0आर0सी0 के किचन में बच्चों तथा अविभावक के लिए भोजन बन रहा था।<br>• किचन में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।<br>• चिकित्सा इकाई पर रंगाई–पुताई का कार्य चल रहा था जिस कारण से किचन में अव्यवस्था थी व सफाई का भी अभाव था।<br>• किचन में सिंक में पानी के निकासी हेतु डाउन पाइप नही लगी थी तथा सिंक गंदा भी था। | रंगाई–पुताई का कार्य समाप्त होने पर साफ–सफाई एवं एन0आर0सी0 किचन के सिंक में पानी के निकास हेतु पाइप लगाने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया गया। | MOIC/ NRC Nodal/NRC SN ( With in Week) |
| • भ्रमण के समय केन्द्र पर VHAI पर क्षय रोगियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था जिनमें कुल 30 क्षयरोगी उपस्थिति थें।<br>• ब्लाक प्राथ0 स्वा0केन्द्र बिरधा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मानकानुरूप 06 बेड हेतु ही क्लीनिंग एवं बायेमेडिकल वेस्ट हेतु धनराशि राज्य स्तर से उपलब्ध कराई जाती है जबकी वर्तमान में यह इकाई सामु0स्वा0केन्द्र के रूप में कार्य कर रही है एवं 30 बेड कियाशील हैं | नोडल अधिकारी एवं डी0पी0एम0 को जिला स्वास्थ्य समिति से पास कराकर प्रस्ताव राज्य स्तर पर प्रेषित करने हेतु अवगत कराया गया | Nodal NHM & DPM ( With in Month) |
| **वी0एच0एन0डी0 सत्र नरहट**<br>• वी0एच0एन0डी0 सत्र नरहट के आंगनवाडी केन्द्र पर आयोजित किया जा रहा था।<br>• सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 कुसुम के साथ आशा प्राची तथा आंगनवाडी रजनी श्रीवास्तव उपस्थिति थी।<br>• सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 के पास गर्भवती माताओं को दी जाने वाली कैल्शियम,टी0टी0,एम0आर0 वैक्सीन उपलब्ध नहीं थी।<br>• सत्र स्थल पर बैनर नहीं लगा था।<br>• अभिलेखों का रख–रखाव सही नहीं था।<br>• सत्रवार ड्यू लिस्ट रजिस्टर में बनाया गया था। ड्यू लिस्ट में कुल 19 लाभार्थियों का विवरण अंकित था।<br>• भ्रमण के समय सत्र स्थल पर 6 गर्भवती तथा 9 बच्चे टीकाकरण के लिए उपस्थित पाये गयें।<br>• टीकाकरण सत्र पर आशा अपने यूनिफार्म में नहीं थी और न ही आशा के पास वी0एच0आई0आर पंजिका उपलब्ध थी।<br>• गर्भवती महिलाओं के पेट की जाँच हेतु स्थान उपलब्ध नहीं था और न ही ए0एन0एम0 द्वारा सत्र स्थल पर पेट की जाँच की जा रही थी।<br> | सत्र स्थल पर आवश्यकतानुसार समस्त लॉंजिस्टिक, एवं बैनर हेतु ए0एन0एम0 को निर्देश प्रदान किया गया।<br>आशा को सत्र स्थल पर निर्धारित यूनिफार्म व वी0एच0आई0आर0 पंजिका के साथ उपस्थित हेतु निर्देश प्रदान किया ।<br>उपलब्ध कराये गये निर्धारित प्रारूप पर ड्यू लिस्ट बनाने हेतु ए0एन0एम0 व आशा को जानकारी प्रदान की गई।<br>अभिलेखों के सही से रख–रखाव हेतु ए0एन0एम0 व सी0एच0ओ0 को अवगत कराया । | MOIC/ BPM/ ANM/ CHO ( With in 15 days) |

| | | |
|---|---|---|
| **<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा</u>**<br>• भ्रमण दल अपराहन 1.30 पर सामु0स्वा0केन्द्र मड़ावरा पहुचा।<br>• सामु0स्वा0केन्द्र पर चिकित्सा अधीक्षक डा0 विशाल पाठक अपनी टीम के साथ उपस्थित थे।<br>• ओ0पी0डी0 में डाक्टर मरीजों को देख रहे थें।<br>• भ्रमण के समय तक कुल 118 मरीजों का पंजीकरण हो चुका था तथा पूछने पर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि 2.00 बजे तक पंजीकरण किया जाता है ।<br>• चिकित्सा इकाई पर एन0आर0सी0 कियाशील है।<br>• एन0आर0सी0 में कुल 7 बेड है जिनपर 4 बच्चें भर्ती पाये गयें।<br>• एन0आर0सी0 वार्ड में अव्यवस्था व गंदगी पायी गई तथा बेड पर परिवार के सदस्यों द्वारा घर से लाई गई चादरें डाली गई थी।<br>• एन0आर0सी0 वार्ड में आई0सी0 का प्रदर्शन, बच्चों के खेलने का उपकरण एवं टी0बी0 लगी हुई थी।<br>• एन0आर0सी0 के किचन में बच्चों तथा अविभावक के लिए भोजन बन रहा था।<br>• भोजन के गुणवत्ता की जॉच की गई जो कि संतोषजनक पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। | एन0आर0सी0 में नियमित साफ–सफाई हेतु चिकित्सा अधीक्षक एवं एन0आर0सी0 स्टाफ नर्स को अवगत कराया गया तथा बेड पर चिकित्सालय से उपलब्ध चादर डालने के निर्देश प्रदान किया गया। किसी भी दशा में लाभार्थी के घर से चादर न मगांया जाय। | MOIC/ NRC Nodal/NRC SN |
| • भ्रमण के समय प्रसव कक्ष में दो लाभार्थी प्रसव हेतु एडमिट थी। | | |
| • प्रसव कक्ष में परिवार के सदस्यों की भीड़ थी। | प्रसव कक्ष में अनावश्यक भीड़ को रोकने हेतु स्टाफ नर्स व महिला चिकित्सक को अवगत कराया। | LMO & SN ((Immediate) |
| • नवजात को परिवार वालों द्वारा घर से लाये गये बहुत ही गंदे कपडों में लिपटाया गया था । | नवजात को लपेटने हेतु Soft Cotton Towel अथवा साफ सूती कपडे में लपेटने हेतु महिला चिकित्सक,स्टाफ नर्स व पारिवारिक सदस्यों को अवगत कराया। | MOIC/BPM/LMO/SN |
| • **<u>प्रसव पंजिका का अवलोकन करने पर संज्ञान में आया कि 01 अप्रैल 2019 से 20 अप्रैल 2019 तक कुल 108 प्रसव हुए है जिनमें से 03 स्टिल बर्थ एवं 37 बच्चे 2500 किग्रा0 से कम के है।</u>**<br>• **<u>इसी प्रकार 21 अप्रैल 2019 से 20 मई 2019 तक कुल 145 सामान्य प्रसव हुए है जिनमें से 02 स्टिल बर्थ एवं 51 बच्चे 2500किग्रा0 से कम वजन के है।</u>**<br>• **<u>इस प्रकार लगभग कुल प्रसव के सापेक्ष 35 प्रतिशत बच्चें कम वजन के हो रहे है।</u>** | कम वजन वाले बच्चों के प्राथमिक देख–रेख हेतु कंगारू मदर केयर की सेवा सम्बन्धित माताओं को उपलब्ध कराया जाय तथा क्षेत्रवार सूची तैयार कर आशा ए0एन0एम0 बैठक में चर्चा कर उक्त जोखिम कों कम करने हेतु रणनीति तैयार करने हेतु | DPM/BPM/MOIC & LMO ( With in 15 days) |

| | | |
|---|---|---|
| • 102,108 तथा डाइट रजिस्टर मानकारूप नहीं भरा जा रहा है। | डी0पी0एम0,बी0पी0एम0 व चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया गया।<br>भोजन पंजिका को मानकारूप तैयार करने हेतु अवगत कराया गया। | MOIC/ SN ( With in 7 days) |
| • पी0एन0सी0 वार्ड में अत्यधिक गंदगी एवं परिवार वालों की भीड़ थी।<br>• बेड पर परिवार वालों द्वारा घर से लाई गई चादरे एवं कम्बल का इस्तेमाल किया जा रहा था।<br>• किसी किसी बेड पर तो मात्र मेटनकास ही पडा था कोई चादर नही थी और लाभार्थी को उसी पर लिटाया गया था।<br>• वार्ड में कार्यरत स्टाफ नर्स व डाक्टर से उक्त प्रकरण पर बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि परिवार वाले नहीं मानते और अपने घर से लाई गई चादरों पर ही लेटना पसंन्द करते है।<br><br>• उनके उक्त व्यवहार से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता की निष्क्रियता के कारण ही परिवार वालों द्वारा अपने मन के अनुसार कार्य किया जा रहा था और उन्हे उक्त कार्य करने से रोकने वाला भी कोई नहीं था।<br>• फैमिली प्लानिंग परामर्शदाता द्वारा परिवार नियोजन परामर्श से सम्बन्धित सेवायें चिकित्सा इकाई पर प्रदान की जा रही है।<br>• अगस्त 2018 से भ्रमण के समय तक कुल 178 अंतरा लग चुके है।<br>• मई 2019 तक कुल 25 पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लगाई गई है। | पी0एन0सी0 वार्ड में साफ–सफाई व लाभार्थी के परिवार द्वारा घर ले लाई गई चादरें व कम्बल को तत्काल बेड से हटाकर चिकित्सालय के चादर उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा अधीक्षक व स्टाफ नर्स को अवगत कराया गया तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने हेतु निर्देश भी प्रदान किया।<br>वार्ड में ड्यूटी पर उपस्थिति स्टाफ नर्स व महिला चिकित्सक को प्रतिदिन नियमित वार्ड में बेड पर बिछी चादरों का निरीक्षण तथा दैनिक आधार पर चादरों के बदलने हेतु अवगत कराया गया। | MOIC/LMO & SN ( Immediate) |
| • चिकित्सा इकाई पर 102 व 108 से सम्बन्धित एम्बुलेन्स चिकित्सालय परिसर में नही खड़े होते है अन्यत्र स्थान पर खडे होते है।<br>• एम्बुलेन्स में कार्यरत स्टाफ द्वारा अपने कार्यो में रूचि नहीं ली जाती एवं चिकित्सालय के स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। | जी0वी0के0 के जनपदीय अधिकारियों से वार्ता कर एम्बुलेन्स को चिकित्सालय परिसर में खडे करने तथा प्रत्येक एम्बुलेन्स में मानकानुरूप औषधि एवं आवश्यक कार्यरत उपकरण की व्यवस्था कराने हेतु जानकारी प्रदान की गई। | Nodal 102 & 108 /DPM/ GVK District Coordinator |
| • चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि चिकित्सा इकाई पर बी0सी0पी0एम0,बी0ए0एम0, एच0ई0ओ0 तथा ए0आर0ओ0 नही है जिस कारण से कार्य सम्पादन में असुविधा होती है। | नोडल अधिकारी एवं डी0पी0एम0 को प्राथमिकता पर अन्यत्र से आवश्यकतानुसार कर्मचारी सम्बद्व करने हेतु अवगत कराया गया। | Nodal & DPM ( With in Month) |

| | | |
|---|---|---|
| **दिनांक 30.5.2019 जिला चिकित्सालय ललितपुर**<br>• राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय ललितपुर में 10 बेडेड जीरियाट्रिक वार्ड स्थापित है।<br>• सभी बेड पर मरीज भर्ती थे।<br>• वार्ड में आई0ई0सी0 प्रदर्शन सराहनीय है। | | |
| • भ्रमण के समय तक वार्ड में सफाई नही हुई थी तथा वार्ड से दुर्गन्ध आ रही थी।<br>• वार्ड में भर्ती मरीजों द्वारा बताया गया कि कई दिनों तक बैड साइड बिन से कूड़ा नही उठाया जाता है। | वार्ड में साफ–सफाई की ससमय व्यवस्था हेतु कार्यरत कर्मचारी / हॉस्पिटल मैनेजर तथा एजेन्सी के कर्मचारी को अवगत कराया गया। | Concern Staff/ Hospital Manager/ Agency worker ( Immediate) |
| • वार्ड में लगे कूलर भ्रमण के समय खराब पाये गयें उपस्थित स्टाफ द्वारा बताया गया कि विगत दो दिनों से खराब है । सम्बन्धित को सूचना उपलब्ध करा दी गई है ।<br> | वार्ड में खराब पडे कूलर को प्राथमिकता पर सही कराने हेतु हास्पिटल मैनेजर एवं चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया गया। | CMS & Hospital Manager ( With in 5 days) |
| • वार्ड में भर्ती मरीजों से प्रदत्त कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछने पर उनके द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया।<br>• जिला चिकित्सालय में एन0सी0डी0 के अन्तर्गत फिजियोथेरेपी क्लीनिक ,तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र, डेफनेस क्लीनिक,मानसिक स्वास्थ्य, एवं एन0सी0डी0 क्लीनिक की सेवायें प्रदान की जा रही है।<br> | जेरियाट्रिक वार्ड में भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में वार्ड में कार्यरत कर्मचारी एवं चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया गया। | Concern Staff/ CMS ( Immediate) |
| • एन0सी0डी0 के अन्तर्गत कार्यक्रमवार समस्त आवश्यक उपकरण एवं मानव संसाधन उपलब्ध है।<br>• डेफनेस टेक्नीशियन न होने के कारण डेफनेस क्लीनिक की सेवायें प्रभावित हो रही है। | डेफनेस टेक्नीशियन के चयन हेतु राज्य स्तर पर एच0आर0 को पत्र प्रेषित करने हेतु डी0पी0एम0 को अवगत कराया गया। | DPM with in 5 days |

| | | |
|---|---|---|
| • ब्लड बैंक में भ्रमण के समय परामर्शदाता ,01 स्टाफ नर्स एवं 01 एल0टी उपस्थित पाये गयें।<br>• ब्लड बैंक में उपस्थित स्टाक के बारे में एल0टी0 द्वारा संतोषजनक सूचना उपलब्ध नही कराई गई।<br>• एल0टी0 द्वारा केवल दो ही पंजिका डोनर रजिस्टर एवं मास्टर रजिस्टर अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया गया तथा बताया गया कि यही दो रजिस्टर भरा जाता है।<br>• स्टाक पंजिका अवलोकन हेतु प्रस्तुत नहीं की गई । एल0टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि सभी सूचनायें आन लाइल अपलोड की जाती है। जब पोर्टल पर आन लाइन सूचना दिखाने हेतु कहा गया तो एल0टी0 द्वारा बताया गया कि कम्प्यूटर आपरेटर अवकाश पर है । उसी के पास सभी सूचानायें रहती है।<br>• ब्लड बैंक में सूचना पटल पर ब्लड की उपलब्धता हेतु देय दर के सम्बन्ध में जो सूचना अंकित की गई है उसे संसोधित व स्पष्ट सूचना का प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। | ब्लड बैंक में रक्त दर निःशुल्क रक्त की उपलब्धता के सम्बन्ध में शासनादेश के अनुसार स्पष्ट प्रदर्शन हेतु अवगत कराया। | Blood Bank Incharge & LT ( Immediate) |
| • ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर में 6 से 7 यूनिट अनस्क्रीन्ड रक्त रखा गया था ,जबकी अनस्क्रीन्ड रक्त हेतु अलग फ्रिज की व्यवस्था है। किसी भी दशा में स्क्रीन्ड ब्लड के साथ अनस्क्रीन्ड ब्लड को नही रखा जाना है। | ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर में रखे गये अनस्क्रीन्ड ब्लड को तत्काल दूसरे रेफ्रिजरेटर में रखवाया गया तथा भविष्य में पुनः किसी भी दशा में इसकी पुनरावृत्ति न करने हेतु एल0टी0 को निर्देश प्रदान किया गया तथा हॉस्पिटल मैनेजर को समय समय पर ब्लड बैंक में भ्रमण कर गुणवत्ता की जाँच हेतु निर्देश प्रदान किया गया। | Blood Bank Incharge/ LT BB/ Hospital Manager ( Immediate) |
| • जिला चिकित्सालय ललितपुर एन0आर0सी0 में कुल 10 बेड है जिसपर भ्रमण के समय कुल 11 बच्चे एडमिट पाये गये।<br>• भ्रमण के समय एन0आर0सी0 में परिवार वालों की अत्यधिक भीड थी। साफ–सफाई की व्यवस्था भी बहुत ही खराब थी।<br>• बेड पर कई दिनों से चादरें नहीं बदली गई थी।<br>• परिवार वालों द्वारा बेड पर ही घर का सामान,बच्चे,खाने का सामान आदि फैलाया गया था।<br> | वार्ड में परिवार वालों की अत्यधिक भीड को नियन्त्रिक करने हेतु कार्यरत स्टाफ को अवगत कराया गया तथा निर्देश प्रदान किया गया कि एक बार में परिवार के एक ही सदस्य को मिलने की अनुमति दी जाय। | Nodal NRC/ NRC Staff & Hospital Manager ( Immediate) |
| | बेड पर परिवार वालों द्वारा खाने–पीने के सामानों को रखने व खाने हेतु रोका जाय व इस हेतु लिखित में सूचना भी प्रदर्शित की जाय। | CMS/Nodal NRC/ NRC Staff & Hospital Manager ( Immediate) |

| | | |
|---|---|---|
|  | वार्ड के अन्दर शू–स्टैण्ड को न रखा जाय इस हेतु कार्यरत स्टाफ को निर्देश प्रदान किया गया। | Staff NRC<br>( Immediate) |
| <br>• बेड पर परिवार वालों द्वारा स्वयं के घर से लाई गई चादरें व दरी डाली गई थी।<br>• एन0आर0सी0 वार्ड के अन्दर ही बायो मेडिकल बेस्ट की डस्टविन व शू स्टैण्ड रखा हुआ था।<br>• एन0आर0सी0 वार्ड में कार्यरत कर्मियों के मध्य सामन्जस्य नहीं था व अनुशासनहीनता भी पायी गई।<br>• एन0आर0सी0 किचन साफ एवं व्यवस्थित था। | बेड पर परिवार वालों द्वारा घर से लाई गई चादरों को न बिछाया जाय चिकित्सालय में उपलब्ध चादरों को डाला जाय तथा दैनिक आधार पर चादरों को बदला जाय व धुलवाया भी जाय के सम्बन्ध में कार्यरत स्टाफ नर्स, प्रभारी एन0आर0सी0 तथा सी0एम0एस0 को अवगत कराया गया। | CMS/Nodal NRC/<br>NRC Staff & Hospital Manager<br>( Immediate) |
| **<u>जिला महिला चिकित्सालय ललितपुर</u>**<br>• जिला महिला चिकित्सालय में 1 अप्रैल 2019 से माह 20 अप्रैल 19 तक कुल 512 प्रसव , 21 अप्रैल 2019 से 20 मई 2019 तक 508 प्रसव ,21 मई 2019 से भ्रमण दिनांक तक 179 प्रसव तथा भ्रमण दिनांक को कुल 4 प्रसव हुए है।<br>• प्रसव कक्ष में आई0सी0 प्रदर्शन एवं 07 ट्रे की व्यवस्था संतोषजनक थी।<br>• भ्रमण के समय 04 महिला प्रसव हेतु कक्ष में थी।<br>• प्रसव उपरान्त नवजात को परिवार जनों को बिना किसी सलाह के तुरन्त दे दिया गया और परिवार वाले नवजात को गन्दे कपडो में लपेटकर तुरन्त बाहर ले गयें। | प्रसव उपरान्त नवजात के देखभाल एवं सही प्रकार से कपडों में लपेटने की जानकारी स्टाफ नर्स द्वारा परिजनों को प्रदान किया जाय एवं प्रथम बार स्वयं बच्चें को सही से लपेटकर परिजनों को दिया जाय के सम्बन्ध में ड्यूटी पर उपस्थित स्टाफ नर्स, को अवगत कराया। | Staff Nurse & Nuese Mentor<br>( Immediate) |

| | | |
|---|---|---|
| • प्रसव पंजिका का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि पंजिका में मासिक सूचना का ब्योरा नही बनाया जा रहा है उक्त हेतु उपस्थित स्टाफ नर्स तथा डी0पी0एम0 को अवगत कराया।<br><br>• एस0एन0सी0यू0 में कुल 12 बेड थे जिनमें से 07 बेड पर बच्चें भर्ती थे।<br>• वार्ड में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।<br>• पोस्ट सर्जिकल वार्ड में 20 बेड है और सभी पर प्रसूता भर्ती थी।<br>• वार्ड में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।<br>• लाभार्थी प्रीति पत्नी श्री अनिल श्रीवास्ताव एवं लीलावती पत्नी श्री महेन्द्र से वार्ता करने पर उनके द्वारा चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में संतोष व्यक्त किया गया।<br>• जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत चिकित्सालय के रयोई घर में भोजन तैयार किया जाता है एवं लाभार्थियों को दिया जाता है।<br>• रसोईघर का भ्रमण कर साफ–सफाई एवं भोजन के गुणवत्ता की जाँच की गई जो कि भ्रमण के समय संतोषजनक पायी गई।<br><br> | प्रसव पंजिका में माह के समाप्ति पर मासिक प्रसव सूचना की संक्षिप्त सूचना बनाने हेतु कार्यरत स्टाफ नर्स तथा डी0पी0एम0 को अवगत कराया। | Staff Nurse<br>( With this month) |

**अभियुक्ति–**

- प्रसव कक्ष में समय समय पर भ्रमण कर जंग लगे उपकरणों का निस्तारण किया जाय।
- पी0एन0सी0 वार्ड में साफ –सफाई तथा गोपनीयता की व्यवस्था हो।
- एच0आर0पी0 केस का फॅालोअप तथा नियमित जाँच रिकार्ड का रख–रखाव सुनिश्चित कराया जाय।

- कम वनज के बच्चों का क्षेत्रवार विवरण तैयार कर आशा व ए0एन0एम0 की मासिक समीक्षा बैठक में चर्चा की जाय।
- टीकाकरण सत्र पर दिशा–निर्देशानुसार आवश्यक उपकरण व लाजिस्टिक की व्यवस्था हो।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन तथा भोजन की गुणवत्ता की नियमित जाँच की जाय तथा सुनिश्चित किया जाय कि वार्ड में एडमिट लाभार्थी को मानकानुरूप भोजन व नाश्ता मिलें।
- प्रसव कक्ष व पी0एन0सी0 वार्ड में चिकित्सा अधीक्षक व महिला चिकित्सा द्वारा नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं तथा साफ–सफाई की व्यवस्था की जाँच की जाय ।
- वार्ड में बेड पर नियमित चादरें बदली जाय व परिवारजनों द्वारा घर से लाई गई चादरों का प्रयोग न किया जाय।
- नियमित समयान्तराल पर 102 व 108 एम्बुलेन्स के कियाशीलता की जाँच जनपद स्तर से कराया जाय।

**(नीलिमा पाठक)**
सलाहकार,ब्लड सेल

**(डा0 पी0के0गंगवार)**
सलाहकार,एन0सी0डी0

प्रेषक,

**मिशन निदेशक**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0
विशाल कॉम्पलेक्स,19–ए,विधान सभा मार्ग
लखनऊ।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
ललितपुर

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2019–20 / दिनांक– 24-06-19

**विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 28.5.2019 से 30.5.2019 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों /कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार / कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम / सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति / कार्ययोजना तैयार की जा सके।

**संलग्नक– भ्रमण दल की हस्ताक्षरित रिर्पोट**

भवदीय

**(पंकज कुमार)**
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2018–19 / 2614-5 तद्दिनांक–

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति / जिला अधिकारी, ललितपुर ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, झांसी।
3. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0,लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0,झांसी ।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, ललितपुर।

**(डा0 ए0बी0सिंह)**
मण्डलीय नोडल अधिकारी